भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2536

दिनांक 10 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

.....

पोलावरम परियोजना

2536. श्री रायगा कृष्णैयाः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान पोलावरम राष्ट्रीय परियोजना के लिए निर्गत की गई केंद्रीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पोलावरम परियोजना की संशोधित लागत का अनुमोदन कर दिया गया है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पोलावरम परियोजना के अंतर्गत स्पिलवे, मृदा-सह-शैल भराव बांध (अर्थ-कम-रॉकफिल डैम), नहरों तथा पुनर्यास कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) अब तक परियोजना से प्रभावित कितने परिवारों का पुनर्वास किया गया है तथा उन्हें कितनी क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है; और

(ङ) क्या सरकार ने पोलावरम परियोजना को पूर्ण करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): विगत पांच वर्षों के दौरान पोलावरम सिंचाई परियोजना (पीआईपी) के लिए जारी की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वित्तीय वर्ष	जारी की गई निधि (रुपये करोड़ में)
2021-22	1,898.80
2022-23	1,671.23
2023-24	727.88
2024- 25	5,512.40
2025-26	2810.22
कुल	12620.53

(ख): भारत सरकार ने पोलावरम सिंचाई परियोजना के चरण-I को + 41.15 मीटर के जलाशय स्तर (ईएल) तक भंडारण क्षमता सहित पूर्ण करने लिए वर्ष 2023 मूल्य स्तर पर 30,436.95 करोड़ रूपए की संशोधित लागत को अनुमोदित किया है तथा परियोजना के लिए शेष केंद्रीय अनुदान 12,157.53 करोड़ रुपये तक सीमित है।

(ग) से (घ): स्पिलवे, अर्थ-कम-रॉकफिल और नहरों के कार्यों की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	घटक	अर्थवर्क	कंक्रट	स्टील
1	स्पिलवे (संरचना)	96.87%	98.84%	92.95%
2	अर्थ-कम-रॉकफिल एण्ड कनेक्टिविटी	75.56%	81.99%	81.31%
3	मुख्य नहरें	98.96%	88.44%	55.68%

पोलावरम सिंचाई परियोजना के निर्माण के कारण परियोजना विस्थापित परिवारों (पीडीएफ) की कुल संख्या 96,660 है। चरण-I (ईएल + 41.15 मीटर तक) के अंतर्गत 17,892 पीडीएफ का भौतिक रूप से पुनर्वास किया जा चुका है।

पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) के अंतर्गत नकद सहायता एवं पात्रताओं के भुगतान हेतु 1,373.01 करोड़ रूपए की धनराशि वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, आर एडं आर कार्यों के निष्पादन पर 1,581.08 करोड़ रूपए व्यय किए जा चुके हैं।

(ङ): परियोजना के चरण-I को मार्च, 2026 तक पूरा करने की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें एक वर्ष के विस्तार का प्रावधान शामिल है।

*****